सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-503
12/11/2018

लोक आस्था के महापर्व छठ के अवसर पर मुख्यमंत्री आवास पर लोगों ने किया खरना का प्रसाद ग्रहण

पटना, 12 नवम्बर 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने लोक आस्था के महापर्व छठ पर्व के अवसर पर 7, सर्कुलर रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास पर लोगों ने खरना का प्रसाद ग्रहण किया। प्रसाद ग्रहण करने वालों में जल संसाधन मंत्री श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, शिक्षा मंत्री श्री कृष्णनंदन प्रसाद वर्मा, पथ निर्माण मंत्री श्री नंदकिशोर यादव, स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पाण्डेय, भवन निर्माण मंत्री श्री महेश्वर हजारी, ग्रामीण कार्य मंत्री श्री शैलेश कुमार, पशु एवं मत्स्य संसाधन मंत्री श्री पशुपति कुमार पारस, जदयू प्रदेश अध्यक्ष श्री वशिष्ठ नारायण सिंह, जदयू के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री प्रशांत किशोर, पूर्व मंत्री एवं विधायक श्री श्याम रजक सहित अनेक विधायक एवं विधान पार्षद शामिल थे। इसके अलावा मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, पुलिस महानिदेशक श्री के0एस0 द्विवेदी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, विशेष सचिव मुख्यमंत्री सचिवालय श्री अनुपम कुमार उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने लोक आस्था के महापर्व छठ पर्व के अवसर पर प्रदेश एवं देशवासियों को बधाई एवं शुभकामनायें दीं।

******